(f) whether any programme has been formulated for manning of the unmanned level crossings on priority basis to avoid such mishaps?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K.C. LENKA): (a) Yes, Sir.

(b) Commissioner of Railway Safety, South Central Circle, in his Preliminary report has observed that the accident was caused due to failure of the bus driver to observe the prescribed precautions at unmanned level crossing.

The details are as under : —

Railway	No. of unmanned level crossings in various zones
Central	1576
Eastern	886
Northern	3,657
North Eastern . . .	2,662
Northeast Frontier . .	1,801
Southern	2,432
South Central . . .	2,319
South Eastern . . .	3,545
Western	4,279
Total	23,157

(d) There is no annual target.

(e) Does not arse.

(f) No Sir. Manning of unmanned leve crossing is under-taken by the Railways sponsored by the State Govt./Local Authority duly consenting to bear the expenditure as pe rules.

पटना–गया रेल लाइन का दोहरा किया जाना

1217. श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार–मगध क्षेत्र की प्रगति के लिए पटना–गया रेलवे लाइन को दोहरी रेलवे लाइन बनाए जाने की मांग उस क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी लम्बे समय से की जा रही है ;

(ख) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र का विकास तब तक सम्भव नहीं जब तक उक्त रेलवे लाइन को दोहरी रेलवे लाइन बनाने का कार्य सम्पन्न नहीं किया जायेगा ;

(ग) क्या रेल मंत्रालय पटना–गया रेलवे लाइन को दोहरा बनाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं : दोहरी लाइन बिछाना रेल प्रणाली की ढुलाई क्षमता बढ़ाने के लिए मात्र परिचालनिक आवश्यकता है और ऐसा रेलों की यातायात की ढुलाई की स्वयं की जरूरत के लिए ही किया जाता है।

(ग) और (घ) एक सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इस कार्य के बारे में आगे विचार करना सर्वेक्षण के परिणामों पर निर्भर करेगा।

झाझा मुगलसराय रेल लाइन का विद्युतिकरण

1218. श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 1993 के रेल बजट में झाझा मुगलसराय मुख्य रेल लाइन के विद्युतिकरण की घोषणा की थी ;

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब शुरू किया गया और कार्य में अभी तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो कार्य कब तक प्रारंभ किया जाएगा और इसकी समाप्ति कब तक होगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी, नहीं। रेलवे बजट 1992–93 में की गई घोषणा के अनुसार इस कार्य को शुरू करने का प्रस्ताव था।

(ख) यह कार्य 1992–93 में शुरू किया गया था और इसमें अब तक लगभग 3 प्रतिशत प्रगति हुई है।

(ग) मार्च 1998 तक इस कार्य के पूरा हो जाने की सम्भावना है।

बिहार में जोनल रेल मुख्यालयों की स्थापना

1219. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच कि बिहार राज्य के दौरे के दौरान आपने मुख्य मंत्री को यह आश्वासन दिया है कि यदि बिहार सरकार वहां भूमि और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी तो रेल मंत्रालय बिहार में नये जोनल रेल मुख्यालय की स्थापना कर देगा;

(ख) क्या बिहार सरकार द्वारा उक्त सुविधाओं की उपलब्धता की सरकारी मंजूरी रेल मंत्रालय को देने के बावजूद भी अभी तक इस विषय में रेल मंत्रालय द्वारा निर्णय लंबित है ;

(ग) क्या सरकार बिहार राज्य पिछड़े वर्गों और राज्य के विकास के लिए बिहार में जोनल रेल मुख्यालय को स्थापित करना चाहती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क से घ) : बिहार सरकार ने पटना में एक क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय की स्थापना का सुझाव दिया है। नये जोन/मंडलों के सृजन से संबंधित मामले का अध्ययन तथा जांच की जा रही है।

समस्तीपुर और दरभंगा के बीच छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदला जाना

1220. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समस्तीपुर और दरभंगा के बीच में छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदले जाने की योजना 1974 से ही लंबित है।

(ख) क्या सरकार ने पिछले वर्ष के रेल बजट को प्रस्तुत करते समय यह घोषणा की थी कि अगामी पांच वर्षों में देश की लगभग छः हजार किलोमीटर छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदला जाएगा ;

(ग) क्या बिहार सरकार ने अपने 8 मई 1992 के पत्र के अनुसार योजना को उच्च प्राथमिकता देकर कार्यान्वित करने के लिए अनुरोध किया है ;

(घ) क्या सरकार इस योजना को 1994-95 में कार्यान्वित करना चाहती है ; और

(ङ) यदि हां तो कब तक, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) से (ग) : जी हां।

(घ) और (ङ) : योजना कार्यान्वित की जा रही है और इसे 1995-96 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

Construction of fly-overs in Andhra Pradesh

1221. Dr. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the railway fly-overs, which are under construction at present in Andhra Pradesh; and

(b) by when they are likely to be completed?